lcls igys bl cqysfVu dh eq[; lekpkj %&

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया पर भारत का रुख स्पष्ट किया। लोकसभा में बोले- हमारे पास 53 लाख टन पेट्रोलियम भंडार।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपीएससी-2025 में चयनित अभ्यर्थियों से किया संवाद, कहा- परीक्षा की सफलता में मध्यप्रदेश की बढ़ती उपस्थिति हम सबके लिए गौरव का विषय।

- प्रदेश में पहली बार कल आंगनवाड़ी बच्चों का आयोजित किया जाएगा ‘विद्यारंभ समारोह’।

- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल में 'शक्ति केंद्र' का किया शुभारंभ। कहा- “किशोरी से मातृत्व तक" महिलाओं के हर चरण में स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगा केंद्र।

vc lekpkj foLrkj ls%&

लोकसभा - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद भारत में ऊर्जा सुरक्षा का कोई संकट नहीं है। श्री मोदी ने आज लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष पर बयान दिया। इस मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक महत्वपूर्ण पेट्रोलियम भंडार है। श्री मोदी ने सदन को सूचित किया कि 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्ष में देश की शोधन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार विभिन्न देशों के आपूर्तिकर्ताओं के साथ निरंतर संपर्क में है और जहां भी संभव हो, स्रोतों से तेल और गैस की आपूर्ति जारी रखने

का प्रयास किया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि युद्ध का वैश्विक प्रभाव कुछ समय तक बना रह सकता है। उन्होंने इसके लिए उन्होंने देश को तैयार रहने को कहा।

पश्चिम एशिया-ब्रीफिंग

केंद्र सरकार ने आज फिर आश्वासन दिया है कि सभी तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं और घरेलू तथा परिवहन कार्यों के लिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति शत प्रतिशत की जा रही है। आज नई दिल्ली में पश्चिम एशिया की हाल की घटनाओं के बारे में अंतर-मंत्रालय ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि 50 प्रतिशत वाणिज्यिक एलपीजी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए उपलब्ध है। कालाबाजारी और जमाखोरी के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि करीब 37 हजार छापे मारे जा चुके हैं, साढ़े पांच सौ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और डेढ़ सौ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों ने पूरे देश में औचक निरीक्षण भी किया है।

**सफलता के मंत्र**

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आज गौरव और प्रेरणा का अनूठा संगम देखने को मिला। मौका था 'सफलता के मंत्र' कार्यक्रम का, जहाँ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिविल सेवा परीक्षा  2025 में सफलता का परचम लहराने वाले मध्य प्रदेश के 61 अभ्यार्थियों से सीधा संवाद कर उन्हे स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस वर्ष प्रदेश के लिए गर्व की बात यह रही कि चयनित 61 अभ्यर्थियों में से 22 सरकारी कॉलेजों से पढ़कर निकले हैं।

इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार विभागीय प्रमुख सचिव अनुपम राजन सहित कई अधिकारी कर्मचारी और अभ्यर्थियों के पेरेंट्स मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'प्रतिभाओं का परचम' पुस्तिका का विमोचन किया, जिसमें सभी 61 अभ्यर्थियों की प्रेरणादायी जीवन यात्रा को संकलित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान एक वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया, जिसमें अभ्यर्थियों ने अपनी तैयारी के दिनों के संघर्ष और जीत की दास्तां बयां की।

कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन के साथ कैबिनेट बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप ने बताया कि कैबिनेट बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्टेट एआई मिशन को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस मिशन के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य, पोषण एवं आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में जोखिम की पूर्व पहचान सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही, प्रदेश में डेटा का सुव्यवस्थित संग्रहण और प्रभावी प्रबंधन भी संभव होगा।

आंगनवाड़ी-विद्यारंभ

प्रदेश में कल सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 5 से 6 आयु वर्ष के बच्चों को "विद्यारंभ प्रमाण-पत्र" प्रदान कर उन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा की ओर अग्रसर किया जाएगा। इस पहल को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए भोपाल में विशेष राज्य स्तरीय ' ग्रेजुएशन सेरेमनी ' का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है, इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अनौपचारिक शिक्षा से औपचारिक विद्यालयी प्रणाली में सुगम संक्रमण को सुनिश्चित करना, परिवार और समुदाय को शाला पूर्व शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रारंभिक शिक्षा के सशक्त केन्द्र के रूप में स्थापित करना है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

प्रदेश में 19 मार्च से शुरू हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश भर में उत्साह के साथ संचालित किया जा रहा है। सीहोर जिले के बुधनी में आज आयोजित कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शामिल हुए। उन्होंने बुधनी जनपद की ग्राम पंचायत जोशीपुर में गुंजरी नर्मदा संगम घाट पर श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान में भाग लिया और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उधर अशोकनगर कलेक्टर ने जिले में गंगा सर्वधन अभियान के अंतर्गत पुरानी बावड़ियों और तालाबों के गहरीकरण और पुनरुद्धार के निर्देश दिए हैं। बालाघाट के बहैर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नदी की साफ-सफाई करते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया और लोगों को पानी बचाने के

लिए जागरूक किया। बैतूल कलेक्टर ने भी जिले में जल संरचनाओं के निर्माण और संरक्षण संबंधी गतिविधियों में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उमरिया में कलेक्टर ने आज जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की।

**शक्ति केंद्र**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज भोपाल के काटजू अस्पताल में स्थापित "शक्ति केन्द्र - वन स्टॉप संपूर्ण महिला स्वास्थ्य केन्द्र" का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव रखती है। सरकार "किशोरी से मातृत्व तक" महिलाओं के हर चरण में स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल कर रही है। "शक्ति केन्द्र" इसी सोच का प्रतिफल है, जहां महिलाओं को उनकी सभी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए एक ही स्थान पर समग्र, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मौसम

प्रदेश में मार्च के अंतिम सप्ताह में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 मार्च से प्रदेश में बारिश और आंधी का दौर शुरू हो सकता है। इसका असर खासतौर पर पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 20 से अधिक जिलों में देखने को मिलेगा। हालांकि, इससे पहले प्रदेश में अगले तीन दिनों तक गर्मी का असर तेज रहेगा। दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :-**

- शहडोल जिले में भावांतर भुगतान योजना के तहत आज से कृषि उपज मंडी में सरसों की खरीदी शुरू हो गई है। इसके लिए 1362 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।
- शिवपुरी जिले के पिछोर में संकल्प से समाधान विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। इसमें कुल 5092 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

- खं□वा के पंधाना में संकल्प से समाधान शिविर आयोजित किया गया,जिसमें कुल 13 हजार 735 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 हजार 763 का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 953 आवेदन अपात्र पाए गए।
- झाबुआ जिले में विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई।
- अनूपपुर में शासकीय आईटीआई परिसर में 25 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- धार जिले के मनावर में घरेलू गैस सिलें□रों के अवैध भं□ारण पर कार्यवाही करते हुए 36 गैस सिलें□र जब्त किए गए हैं।
- शाजापुर में शहीद दिवस पर आज पदयात्रा व श्रमदान का आयोजन किया गया। इसमें 250 युवाओं ने भाग लिया।

-----------------------------------------